# निर्माण कार्य की धीमी गति पर डीआरएम ने जताई नाराजगी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रेलवे की ओर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए उन्हें वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। गंगापुर सिटी के रेलवे स्टेशन को केंद्र सरकार द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब साढे 24 करोड रुपए की लागत से चल रहे निर्माण कार्य का गुरुवार को कोटा मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने निरीक्षण किया।

मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा अपनी विशेष सेलून गाडी से दोपहर 12 बजकर 10 मिनट बजे गंगापुर सिटी रेलवे

■ गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ निर्माण की गति बढ़ाने के निर्देश

स्टेशन पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यहां चल रहे निर्माण और विकास कार्यो का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म एक पर निर्माण कार्य धीमी गति से चलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्यो में तेज गति लाने, निर्माण में मापदंड व गुणवत्ता का ध्यान रखने ओर मजबूती से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही डीआरएम कालरा ने स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य को समय पर करने को कहा है। गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यीकरण का काम मई 2025 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य, प्लेटफॉर्म सतह को ऊँचा करना, बाहरी स्टेशन का लुक परिवर्तन, यात्री प्रतीक्षालय की उन्नति, शौचालयों का सुधार, फुट ओवर ब्रिज एवं लिफ्ट का कार्य शामिल है। इस दौरान वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने डीआरएम अनिल कालरा का अभिनंदन किया।



निर्माण कार्यों की जांच करते डीआरएम अनिल कालरा।

## सार-समाचार

### शैक्षिक दल का किया सम्मान

**करौली**, (निसं) मुख्यमंत्री के बजट घोषणा शैक्षिक भ्रमण 2024 के अंतर्गत शिक्षा विभाग राजस्थान एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला करौली के तत्वाधान में पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के द्वितीय दिवस को स्काउट दल सीओ स्काउट टॉक कार्यालय से अजमेर को रवाना हुआ। भ्रमण दल को सी ओ स्काउट टोंक गिर्राज गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रात्रि विश्राम करने के बाद प्रात: स्काउट सी ओ द्वारा भ्रमण दल के सदस्यों का स्काउट रीति से स्कार्फ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया और दल के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की और टोंक के विभिन्न स्थल जिसमें धन्ना भगत पैनोरमा, बीसलपुर बांध,देवली के विभिन्न दर्शनीय स्थल हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।इस अवसर पर सचिव स्काउट करौली मुकेश सारस्वत, सहायक सचिव कैला देवी गणेश चंद्र शर्मा,एडवांस स्काउटर देवेंद्र कुमार जांगिड़ के द्वारा सी ओ जिला मुख्यालय टोंक का स्कार्फ एवं शॉल उड़ाकर सम्मान किया गया।सचिव स्काउट करौली मुकेश सारस्वत ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग बीकानेर के गाइडलाइन के अनुसार भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत बच्चों को विभिन्न धार्मिक,ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों के साथ संठाहालय की जानकारी एवं शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। जिसके तहत कल कैला देवी के राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संठाहालय सवाई माधोपुर का भ्रमण करते हुए भ्रमण दल ने टोंक पहुंचकर रात्रि विश्राम किया। इस अवसर पर रोवर टीम के सदस्य लव कुश मंगल,पीयूष नामा निलेश जंगम, मदन गोपाल उपस्थित रहे।

### मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**करौली**, (निसं)। अंग्रेजी नववर्ष के प्रथम दिन जिले के प्रसिद्ध आस्था धाम कैलादेवी, करौली के आराध्य देव मदनमोहन जी महाराज के मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। इस दौरान राजस्थान,उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के दर पर धोक लगाकर खुशहाली और सुख समृद्धि कि मनौती मांगी। श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में पहुंचने से मदन मोहन मंदिर,कैलादेवी आस्था धाम सहित मंदिरों में भीड़ नजर आई। नववर्ष पर श्रद्धालुओं कि भीड़ के चलते कैलादेवी, करौली, श्रीमहावीरजी कस्बे के बाजारों में भीड़ नजर आई, जिसके चलते कई बार जाम के हालात बन गए। पुलिस को यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए मशक्कत करनी पडी। गौरतलब है कि उत्तर भारत के प्रसिद्ध आस्था धाम कैलादेवी और करौली के मदन मोहन मंदिर में मंगला आरती से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया।इस दौरान कैला माता और मदन मोहन बंसी वाले के जयकारे गूंजते रहे। कड़कड़ाती ठंड के बीच श्रद्धालु जयकारे लगाते आगे बढ़े और अपने आराध्य के दर्शन कर मनौती मांगी।

### छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी 5 को

**सूरौठ**, (निसं)। मां बीजासनी कैलादेवी भक्त मंडल के तत्वावधान में खोहरी स्थित बिजासनी माता के दरबार में 5 जनवरी को अष्टम छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए समिति पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया।समिति सदस्य मोहिनी प्रहलाद सिंघल,अखिलेश गोयल सूरौठ ,जीतू गोयल ताली सूरौठ ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंड बाजे व आतिशबाजी के बीच खोहरी मोड़ से बिजासनी माता के दरबार तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद मां भगवती के ध्वज अर्पित कर,पूजा की जाएगी, इस मौके पर श्याम मन म्यूजिकल ठ्ठुप लालसोट के कलाकार सा भजनों की प्रस्तुति देंगे। गायक कलाकार मनीषा रावत नोएड्डा, राजू जयपुरिया मथुरा, मीनाक्षी शर्मा भरतपुर, अंकित राजस्थानी हिंडौनसिटी आदि प्रस्तुति देंगे, इस मौके पर माता रानी की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। भंडारे का करी आयोजन प्रात: 11 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण होगा ,रमेश चंद जिंदल,अखिलेश गोयल, सुरेन्द्र,हरिमोहन, गोपाल,टीपू गोयल सूरौठ, मनोज, वेदप्रकाश, कैलाश, सिंघल,घनश्याम, कृष्णमोहन,राधामोहन, हृदेश शर्मा सूरौठ कृष्णकुमार महेन्द्र नागरिया सूरौठ राजेंद्र, राजेश जिंदल सूरौठ, मनोज,ओमप्रकाश मुदगल सूरौठ पावटा गंगासहाय शर्मा, राजेंद्र विजय सूरौठ, जयप्रकाश, विजय सूरौठ सहित हजारों भक्त गण माता के दरबार में पहुंचकर ढोंक लगाकर सुख शांति कि करेंगे कामना।

### डीआरएम ने पदभार संभाला

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मंडल के नए डीआरएम अनिल कालरा ने बुधवार को नव वर्ष के अवसर पर मंडल कार्यालय में पहुंचकरं मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। साथ ही मंडल के सभागृह में आयोजित समारोह में सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। रेल मंत्रालय की ओर से 26 दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार मनीष तिवारी के स्थान पर अनिल कालरा की नए डीआरएम के रूप में पदस्थापना की गई थी। अनिल कालरा भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा 1995 बैच के रेल अधिकारी हैं।

### विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

**करौली**, (निसं)। उजियारा राजस्थान महाअभियान के अंतर्गत आगामी 1 मार्च कों होने जा रहे सर्व समाज की 11 बेटियों के विवाह सम्मलेन के पोस्टर का विमोचन राधा मदन मोहनजी मंदिर प्रांगण में सिद्ध संत रामदास महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में करौली शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे उजियारा राजस्थान के संयोजक प्रकाश चंद शर्मा नें बताया कि यह विवाह सम्मलेन नि:शुल्क होने वाला है जिसका पंजीकरण आरम्भ है जिसमे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 11 बेटियों का विवाह किया जायगा जो निराश्रित परिवार कि बेटियां होंगी।

# स्थानांतरण पर रोक हटाने के लिए दिया ज्ञापन

**करौली**, (निसं)। शिक्षा विभाग में स्थानांतरण पर रोक हटाने की मांग को लेकर आज राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला शाखा करौली द्वारा जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।

संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र

■ शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त

दीवान ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में लंबे समय से स्थानांतरण की मांग को देखते हुए 1 से 10 जनवरी के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक हटाते हुए शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों में स्थानांतरण करने का निर्णय लिया है। सरकार की इस भेदभाव पूर्ण नीति से शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया है। पूर्व में भी नई सरकार के गठन के बाद अन्य सभी विभागों मे स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर दो बार स्थानांतरण किये है,तब भी और अभी भी शिक्षा विभाग की उपेक्षा की गई है ।शिक्षा विभाग राज्य का सबसे बड़ा विभाग होते हुए भी लगातार शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला शाखा के पदाधिकारियों द्वारा जिला मुख्यालय पर ज्ञापन देकर सरकार से अविलंब शिक्षा विभाग में अधिकारीयों से लेकर सभी संवर्गों के स्थानांतरण करने की मांग की गई है क्योंकि लोकसभा चुनाव से पूर्व तथा पश्चात शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों में स्थानांतरण किए गए परन्तु शिक्षा विभाग में स्थानांतरण नहीं किये ,इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि शिक्षा विभाग के साथ भेदभाव किया जा रहा है।आज प्रदेश में शिक्षण व्यवस्था के नाम पर एक जिले से दूसरे जिले में सैकड़ो की संख्या में प्रतिनियुक्ति की जा रही है जिनका वास्तव में शिक्षण व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है।

इनमें कई शिक्षक तो ऐसे हैं जिनको 30 जून तक शिक्षण व्यवस्था के नाम पर लगा दिया गया जबकि ग्रीष्म अवकाश में कोई शिक्षण कार्य नहीं होता है।विभाग द्वारा लगभग समस्त जिलों में प्रतिनियुक्ति का खेल किया जा रहा है।अत: संगठन की मांग है इस प्रकार की प्रतिनियुक्ति नहीं की जा कर, स्पष्ट रूप से स्थानांतरण के माध्यम से ही शिक्षकों को पद स्थापित किया जाए।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने आये शिक्षक संघ राष्ट्रीय से जुड़े लोग।

## जिला कार्यालय के दस्तावेज हटना हुए शुरू

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। कांग्रेस सरकार में गंगापुर सिटी को मिले जिले का दर्जा खत्म होने के बाद अब यहां से जिला कार्यालय से दस्तावेज और रिकॉर्ड भी हटने शुरू हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक का तबादला पहले ही हो चुका था। 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में हुई कैबिनेट की बैठक में पिछली कांग्रेस सरकार में बनाए गए गंगापुर सिटी सहित 17 अन्य जिलों में से 9 जिलों और 3 संभाग को खत्म कर दिया गया था। गंगापुर सिटी से जिले का दर्जा खत्म करने की कवायद तो काफी पहले ही हो चुकी थी। जब यहां से पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण होने के बाद यहां पुलिस अधीक्षक नहीं लगाकर सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक को अतिरिक्त चार्ज दिया गया। गंगापुर सिटी से जब जिले का दर्जा छीन लिया गया। इसके बाद यहां से जिला कार्यालय के दस्तावेज और रिकॉर्ड भी अन्य जगह स्थानांतरण किए जा रहे हैं। सवाई माधोपुर से गंगापुर सिटी, बामनवास, वजीरपुर और करौली से टोडाभीम और शामिल कर गंगापुर सिटी जिला बनाया गया था। ऐसे में जिला निरस्त होने के बाद रिकॉर्ड भी कुछ सवाई माधोपुर और कुछ करौली के लिए भेजने के लिए लाल कपडों के बस्तों में संधारित कर दिया है।

## फुले का जयंती समारोह आज

**करौली**, (निस )। जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में आज शुक्रवार को प्रात: 10:00 बजे से मां सावित्रीबाई फुले का जयंती समारोह मनाया जाएगा।

# पौषबड़ा प्रसादी पांच को

**गंगापुर सिटी**, (निस)। मां गुमानो बीजासणी देवी के दर पर करणपुर धाम में 5 जनवरी रविवार को पौषबडै का आयोजन किया जायेगा।

मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति गंगापुर सिटी के अध्यक्ष महेश शर्मा पत्रकार ने बताया कि पौष बडे की तैयारियां पूर्ण कर ली है। उक्त निर्णय पुरानी अनाज मण्डी स्थित कार्यालय पर गत दिनो हुई कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। इसके लिए गंगापुर सिटी सहित आसपास क्षैत्र के भक्तगण रविवार पांच जनवरी को उदेई मोड स्थित नई थोक फल सब्जी मण्डी से दोपहर एक बजे रवाना होगें जो कि शाम 5 बजे मातारानी के दरबार में पहुंचेंगे। जहां मातारानी को पौष बडे का भो लगाकर प्रसादी वितरित की जायेगी।

## सार-समाचार

### मेला व अतिक्रमण को हटाने की मांग

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रेडिमेड वस्त्र विक्रता संघ के पदाधिकारी-व्यापारियों ने गुरुवार को सभापति शिवरतन अग्रवाल और आयुक्त को ज्ञापन देकर गंगापुर सिटी पुरानी अनाज मंडी में लग रहे व्यवसायिक मेले व अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। रेडिमेड वस्त्र विक्रेता संघ अध्यक्ष शंभूदयाल अग्रवाल इनायती, महामंत्री नरेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष गिर्राजप्रसाद गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी नगर परिषद पहुंचे और सभापति शिवरतन अग्रवाल और आयुक्त को ज्ञापन देकर व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया। अध्यक्ष शंभूदयाल अग्रवाल और अन्य व्यापारियों ने कहा कि गंगापुर सिटी शहर में यहां पुरानी अनाज मंडी में व्यवसायिक मेला गत कई माह से संचालित किया जा रहा है। इसके कारण यहां के स्थानीय व्यापारियों को काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड रहा है। इस तरह का हाट टाइप मेला 5-7 दिन के लिए होते है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह व्यवसायिक मेला नहीं रहकर स्थायी मेला हो गया है। इसके अलावा जगह-जगह नगर परिषद क्षेत्र में सडक किनारे अस्थाई रूप से टेंट लगाकर लोगों ने बडी बडी सेल लगा रखी है। इससे न केवल व्यापारी-दुकानदारों को नुकसान हो रहा है, बल्कि अतिक्रमण भी हो रहे है। इसका खामियाजा दुकानदारों को उठाना पड रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश ग्राहक दुकानदारों के पास पहुंच ही नहीं पाते है। इसके कारण दुकानदार-व्यापारियों का किराया भी नहीं निकल पा रहा है, साथ ही उनका व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हो रहे है। उन्होंने सभापति आयुक्त से उक्त मेले के साथ अतिक्रमणों को हटवाने की मांग की है। वहीं रेडीमेड वस्त्र व्यापार संघ ने व्यापार मण्डल अध्यक्ष गिरधारी धौलेटा व महामंत्री लक्ष्मीनारायण गोयल को ज्ञापन सौप कर भविष्य में मेला या व्यवसायिक कार्य के लिए पुरानी अनाज मण्डी में स्थित जगह को किराए पर नहीं देने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष शिम्भू दयाल इनायती, हाजी जमील खां, प्रेमप्रकाश, वेदप्रकाश मंगल, अंतुलाल गुप्ता, रविन्द्र खण्डेलवाल सहित सैकडो व्यापारी मोजूद थे।

### जाट महासभा का अधिवेशन सम्पन्प

**भरतपुर**, (निसं)। राष्ट्रीय जाट महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन सुजानगढ़ (चुरू) राजस्थान में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. लोकपाल सिंह, विशिष्ठ अतिथ्य खण्डेला विधायक सुभाष मील, सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल, पूर्व विधायक नोंहर सुचित्रा सिंह आर्य, डिप्टी कनाडेंट. दिनेश झांझरिया, राष्ट्रीय महासचिव सतिश फौजदार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी ने की। कार्यक्रम की शुरूवात में मां सरस्वती और तेजा जी महाराज, महाराजा सूरजमल के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीपक प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को माला, साफा, शॉल उडाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लोकपाल सिंह ने राज्य सरकार में समाज की भागीदारी और उच्च शिक्षा को बढावा देने की बात कही। राजस्थान में 22 प्रतिशत जाट होने के 78 सालों बाद भी आज तक किसी भी पार्टी द्वारा राजस्थान में मुख्यमंत्री न बनाकर हमारे समाज को हमेशा गुमराहा किया लेकिन अब समाज में चेतना आ गई है।

### परिचय सम्मेलन 12 को

**गंगापुर सिटी**, (निसं)।अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड गंगापुर सिटी के तत्वावधान में अग्र संचार नेट, राजस्थान द्वारा महाराजा अग्रसेन जी एवं लक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष सोहन लाल गुप्ता और सुरेश चन्द गुप्ता मण्डरायल ने दीप प्रजवल्लित कर विवाह योग्य युवक- युवतियों के परिचय कार्यऋम की मीटिंग की शुरुआत की। प्रचार-प्रसार संयोजक राजेश महोली ने बताया कि 12 जनवरी रविवार को प्रात: 10 बजे से विवाह योग्य युवक -युवतियों (दिव्यांग, तलाकशुदा, विधवा, तिगड्डा और न्यू) का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## काव्य संध्या का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में नववर्ष के उपलक्ष्य में सिविल लाइन में एक काव्य संध्या का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कैलाश चंद शर्मा पूर्व प्राचार्य, अध्यक्षता डा अशोक गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि डॉ सुदर्शन गुप्ता ने की, संचालन राजेन्द्र अनुरागी ने किया। सर्वप्रथम माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पन किया तथा दीप प्रजवलित किया गया। राकेश राजस्थानी ने माँ शारदे की वन्दना सुनायी संस्कृत होमन वीणा अपनी स्वर का सरगम कहता है। नरेन्द्र निर्मल ने नव वर्ष में खुशी से आओ प्रवेश करले अरदान है प्रभु से संतोष सभी हरले। अन्त में डॉ केसी शर्मा के अध्यक्षीय भाषण में साहित्य को जिन्दा रखने को ऐसी संस्थाऐं एवं काव्य गोष्ठी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए साहित्यकार एवं कवियों का विशेष महत्व है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या**- ईएल/50/232/2024-25, **कार्य का नाम**- HAN, SWM और कोटा लोको कॉलोनी के स्टेशनों पर स्टील ओवर हेड टैंक के प्रतिस्थापन में आरसीसी ओवर हेंड टैंक क्षमता 225000 लीटर का प्रावधान, BXN और DHR कॉलोनी में आरसीसी ओवरहेड टैंक क्षमता 90000 लीटर और HAN स्टेशनों पर भंडारण पानी टैंक/Sump का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू. में)** - 4473257.92, **बयाना राशि (रू. में.)** - 89,500/-, **कार्य समाप्ति अवधि** - 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय**- Submission upto 20-01-2025 Upto 15.00Hrs. and Opening at 15.15Hrs. ऑफर केवल ई टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास ।।। डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेंडर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन व युवाओं को अवसर देने के लिए संकल्पित : बेढम

**भरतपुर**, (निसं)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि सरकार संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन एवं युवाओं को अवसर देने के लिए संकल्पित है। युवा हमारी संस्कृति को संरक्षित करते हुए आगे बढें तो निश्चित रूप से विकसित भारत की कल्पना साकार होगी। गृह राज्य मंत्री गुरूवार को बीडीए के ऑडिटोरियम में आयोजित संभाग स्तरीय युवा महोत्सव

■ मंत्री बेढम ने कहा कि युवा सांस्कृतिक परम्परा व कला को आगे बढ़ायेंगे तो विश्वगुरू बनने की कल्पना साकार होगी

■ 'ग्रामीण अंचलों की कला व संस्कृति को संरक्षित कर सरकार द्वारा युवा महोत्सव के माध्यम से पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है'

में संभाग के सभी जिलों से आए युवाओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक पंचप्रण एवं विकसित भारत की थीम पर आयोजित किये जा रहे हैं। इससे हमारी सांस्कृतिक परम्परा एवं कलायें संरक्षित होने के साथ दूर दराज के क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवा हमारी सांस्कृतिक परम्परा व कला को आगे बढायेंगे तो निश्चित रूप से विश्वगुरू बनने की कल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा पद्धित, चिकित्सा पद्धित विश्व में अतुलनीय रही है, देश के ग्रामीण अंचलों की कला व संस्कृति को संरक्षित कर सरकार द्वारा युवा महोत्सव के माध्यम से पुर्नजीवित करने का कार्य किया जा रहा है। गृह राज्य मंत्री ने आव्हान किया कि युवा विदेशी संस्कृति के स्थान पर भारतीय संस्कृति को आत्मसात कर अपनी रूचि की विधा को अपनाकर देश के विकास में सक्रियता से भागीदार बनें। उन्होंने युवाओं को स्थानीय बृज संस्कृति के कार्यक्रमों का भी समावेश करने एवं लोकगायन, लोकविधा को देश दुनिया तक पंहुचाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक युवा महोत्सव में भाग लेने वाले युवाओं को नगद पुरस्कार का प्रावधान किया है। इससे प्रदेश भर में छिपी हुई प्रतिभाओं आगे बढने का अवसर मिलेगा। संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता ने कहा कि युवाओं को सांस्कृतिक मंच प्रदान करने से इस प्रकार के आयोजन द्वारा छिपी हुई प्रतिभा को आगे बढने का अवसर मिलेगा। उन्होंने लोक कला, लोक गायन के साथ मांडणा शैली, विज्ञान के मॉडल एवं परम्परागत चित्रकारी को भी आगे बढाने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्त्वपूर्ण बताया। संभाग स्तरीय आयोजन में 218 युवाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव के माध्यम से ठाामीण क्षेत्र की लोक कला, लोक संस्कृति के साथ प्रदर्शनी के माध्यम से परम्परागत एवं वैज्ञानिक विचारों को जीवन्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक आरडी बंसल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कमलसिंह, अतिरिक्त कल्क्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सीडीईओ मधु भार्गव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बडी संख्या में संभाग के सभी जिलों से आये युवा कलाकार उपस्थित रहे।




युवा महोत्सव में लोक संस्कृति प्रस्तुति दी।

**कार्यालय पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांक :- पं.स.क./लेखा/निविदा/2024-25/783 दिनांक :- 01.01.2025

**ई-निविदा सूचना 03/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति मासलपुर के अधीनस्थ ग्रामों में दिनांक 31.03.2025 तक वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत राशि (रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | प्रोसेसिंग शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोडिंग की दिनांक व समय | डी.डी. एवं दस्तावेज भौतिक रूप से सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कराने की दिनांक एवं समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पंचायत समिति मासलपुर के अधीनस्थ ग्रामों में दिनांक 31.03.2025 वित्तीय वर्ष 2024-25 मे घर एव व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु निविदा दर - | | | | | | | | |
| 1 | ग्राम पचायत भावली | निविदा सूचना संख्या 03/2024-25 | 130000 | 2600 | 500 | 500 | दिनांक 02.01.2025 समय प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 15.01.2025 समय शाम 6.00 बजे तक | दिनांक 16.01.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 16.01.2025 समय दोपहर 02.00 बजे |
| 2 | ग्राम पचायत चैनपुर गाधौली | | 190000 | 3800 | 500 | 500 | | | |
| 3 | ग्राम पचायत डांडा | | 150000 | 3000 | 500 | 500 | | | |
| 4 | ग्राम पचायत डुकावली | | 140000 | 2800 | 500 | 500 | | | |
| 5 | ग्राम पचायत फतेहपुर | | 130000 | 2600 | 500 | 500 | | | |
| 6 | ग्राम पचायत गुबरेंडा | | 120000 | 2400 | 500 | 500 | | | |
| 7 | ग्राम पचायत जमूरा | | 180000 | 3600 | 500 | 500 | | | |
| 8 | ग्राम पचायत कंचनपुर | | 150000 | 3000 | 500 | 500 | | | |
| 9 | ग्राम पचायत खेड़िया | | 120000 | 2400 | 500 | 500 | | | |
| 10 | ग्राम पचायत खूण्डा | | 120000 | 2400 | 500 | 500 | | | |
| 11 | ग्राम पंचायत कोटा छाबर | | 152000 | 3040 | 500 | 500 | | | |
| 12 | ग्राम पंचायत लेदौर कलां | | 100000 | 2000 | 500 | 500 | | | |
| 13 | ग्राम पंचायत मासलपुर | | 140000 | 2800 | 500 | 500 | | | |
| 14 | ग्राम पंचायत नरायणा | | 210000 | 4200 | 500 | 500 | | | |
| 15 | ग्राम पचायत पिपरानी | | 110000 | 2200 | 500 | 500 | | | |
| 16 | ग्राम पंचायत रतियापुरा | | 170000 | 3400 | 500 | 500 | | | |
| 17 | ग्राम पंचायत रूंधपुरा | | 110000 | 2200 | 500 | 500 | | | |
| 18 | ग्राम पंचायत सीलौती | | 135000 | 2700 | 500 | 500 | | | |

ई-निविदा से संबधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

विकास अधिकारी,
पंचायत समिति मासलपुर,